# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**


पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 429 दिनांकः 01 जून 2026

## असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) परीक्षा– 2025

### उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों (बैकलॉग सहित) पदों पर चयन हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 521, दिनांकः 14 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में बोर्ड के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 396, दिनांक **15 मई 2026** द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त **16** पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अनुक्रमांकवार अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया गया था।

असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु सामान्य **(UR)**, अन्य पिछड़ा वर्ग **(OBC)** एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग **(EWS)** श्रेणी के अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में **45 प्रतिशत** अंक अर्थात **90.00** अंक तथा अनुसूचित जाति **(SC)** एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी **(ST)** के अभ्यर्थियों हेतु लिखित परीक्षा में **35 प्रतिशत** अर्थात **70.00** अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों में से श्रेणी–उपश्रेणीवार रिक्त एक पद के सापेक्ष तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाना है। साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की कट–ऑफ निम्नानुसार है–

| अस्टिेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) | | |
|---|---|---|
| क्रमांक | श्रेणी–उपश्रेणी | कट–ऑफ अंक |
| 1 | अनारक्षित | 106.25 |
| 2 | अनारक्षित – उत्तराखण्ड महिला | 128.75 |
| 3 | अनारक्षित– उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी या उनके आश्रित | 104.25 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 95.75 |
| 5 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जाति– उत्तराखण्ड महिला | 94.25 |
| 6 | अनुसूचित जनजाति | 90.50 |

### –ःसाक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन सम्बन्धी सूचनाः–

असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) की लिखित परीक्षा के उपरान्त उपरोक्तानुसार कट–ऑफ अंक धारित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन दिनांक **17 जून 2026 (बुधवार)** को निर्धारित किया गये है। साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों की पृथक से प्रवेश पत्र जारी किये जायेंगे जिसे अभ्यर्थी दिनांक **10 जून 2026 (बुधवार)** से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

**नोटः**

1. असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) पद हेतु निर्धारित किये गये साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन दिवस में यदि कोई अभ्यर्थी अनुपस्थित होता है तो उसे अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा एवं पुनः अवसर नहीं दिया जायेगा।
2. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित किये गये तथ्यों से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा अन्य वांछित अभिलेख एव प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
3. अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन की तिथि को **मूल अभिलेखों के साथ सम्बन्धित अभिलेखों की 02 स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ** निम्न अनुक्रम में प्रस्तुत करेंगेः–

I. साक्षात्कार हेतु जारी औपबन्धिक प्रवेश पत्र 01 प्रति **(अनिवार्य)**
II. असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) पद हेतु किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
III. 02 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ। **(अनिवार्य)**
IV. हाईस्कूल अंकपत्र (अंकतालिका)– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
V. हाईस्कूल प्रमाण पत्र– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
VI. इण्टरमिडिएट अंक पत्र (अंकतालिका)– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
VII. इण्टरमिडिएट प्रमाण पत्र– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
VIII. बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग डिग्री कोर्स के प्रत्येक वर्ष/सैमेस्ट के अंकपत्र/अंकतालिका– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
IX. बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग प्रमाण पत्र– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
X. एम0एस0सी0 नर्सिंग प्रत्येक वर्ष/सैमेस्ट के अंकपत्र/अंकतालिका– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
XI. एम0एस0सी0 नर्सिंग डिग्री प्रमाण पत्र– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
XII. पी0एच0डी0 प्रमाण पत्र– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(यदि उल्लेख किया हो)**
XIII. नर्सिंग काउन्सिल में ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि तक वैध/नवीनीकृत स्थाई पंजीकरण प्रमाण पत्र– 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(अनिवार्य)**
XIV. राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र अथवा प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष तक सेवा का प्रमाण पत्र *(यदि ऑनलाईन आवेदन पत्र में दावा किया गया है)* – 02 स्वप्रमाणित प्रति।
XV. स्थाई निवास प्रमाण पत्र **(यदि उल्लेख किया हो)** – 02 स्वप्रमाणित प्रति
XVI. अभ्यर्थी अथवा अभ्यर्थी के माता–पिता/पति/पत्नी आर्मी/पैरामिलिट्री/केन्द्र अथवा राजकीय विभाग में, जिनकी सेवाएं उत्तराखण्ड राज्य से स्थानान्तरण नहीं हो सकती है, कार्यरत हैं सम्बन्धी प्रमाण पत्र *(यदि ऑनलाईन आवेदन पत्र में दावा किया गया है)*– 02 स्वप्रमाणित प्रति।
XVII. आरक्षण का लाभ पाने वाले अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के प्रमाण पत्र, जो कि विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक नियमानुसार वैध हो। *(यदि ऑनलाईन आवेदन पत्र में दावा किया गया है)*– 02 स्वप्रमाणित प्रति।
XVIII. स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी के आश्रित/पूर्व सैनिक/दिव्यांगजन/उत्तराखण्ड राज्य के अनाथ बच्चे/कुशल खिलाड़ी/उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी या उनके आश्रित सम्बन्धी प्रमाण पत्र *(यदि ऑनलाईन आवेदन पत्र में दावा किया गया है)* – 02 स्वप्रमाणित प्रति।
XIX. केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन अथवा उनके नियंत्रणाधीन नियमित रुप से कार्यरत अभ्यर्थी को सेवा नियोजक का ''अनापत्ति प्रमाण–पत्र'' *(यदि ऑनलाईन आवेदन पत्र में दावा किया गया है)* – 02 स्वप्रमाणित प्रति।
XX. यदि अभ्यर्थी का उपनाम (Surname/Last Name) विवाह के पश्चात् परिवर्तन किया गया है और उसका उल्लेख आवेदन पत्र में किया गया हो, इस सम्बन्ध में विवाह प्रमाण पत्र अथवा रु0 10.00 के नोटराइज शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।– 02 स्वप्रमाणित प्रति।
XXI. अनुभव प्रमाण पत्र **(अनिवार्य)**
XXII. अन्य प्रमाण पत्र, यदि कोई हो, – 02 स्वप्रमाणित प्रति। **(यदि आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है)**

अभ्यर्थी उक्त अभिलेखों को इसी क्रम में अलग–अलग दो सैट में सत्यापन पटल के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे सत्यापन पटल के समक्ष उपरोक्तानुसार इंगित मूल दस्तावेज तथा उनकी छायाप्रतियों के दो अलग–अलग सैट क्रमबद्ध रुप से प्रस्तुत करेंगे। मोबाइल पर प्रस्तुत किये गये कोई भी दस्तावेज मान्य नहीं होंगे। अभ्यर्थियों के अभिलेखों की छायाप्रति करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की रहेगी। साक्षात्कार/अभिलेख सत्यापन स्थल पर मात्र अभ्यर्थी को प्रवेश दिया जायेगा। अभिलेख सत्यापन स्थल पर बच्चे/बुजुर्ग/परिचित इत्यादि को साथ में

लाना सख्त मना है। अंतिम परीक्षा परिणाम अभिलेख सत्यापन के उपरान्त जारी किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन में अभिलेखों के मिलान के उपरान्त ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु प्रवेश दिया जायेगा।

**नोट– मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 332/2025 (एस0बी0) मयंक कुमार जैमनी बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक 13 अगस्त 2025 तथा रिट याचिका संख्या 349/2025 (एस0बी0) विजय मोहन्ता बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य को दिनांक दिनांक 22 अगस्त 2025 को पारित आदेशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के विज्ञापित रिक्त 16 पदों में से दो पदों (अनारक्षित श्रेणी) को उक्त रिट याचिकाओं में अंतिम निर्णय पारित होने तक रिक्त रखा जाता है।**

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव,